देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंकः 272 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 8 दिसंबर 2019

**रविवासरीय...**माधुरी के साथ काम करना गर्व की बात





मौसम — अधिकतम 23.0° न्यूनतम 9.0°

40445.15

2 जलवायु परिवर्तन से बाढ़ तो कहीं सूखा

7 विराट का टाइम नहीं, दौर हैः सहवाग

# उन्नाव रेप पीड़िता की मौत पर बवाल



## राहुल गांधी ने कहा, भारत दुनिया का रेप कैपिटल बना

वायनाड। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा तो भारत को दुनिया का रेप कैपिटल बताया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के रेप कैपिटल के रूप में जाना जाता है। अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने रेप और हत्या के आरोपी बीजेपी विधायक कुलदीप सेंगर केस में पीएम की चुप्पी पर सावल उठाया। राहुल गांधी ने कहा, श्भारत दुनिया के रेप कैपिटल के रूप में जाना जाता है। दूसरे देश पूछ रहे हैं कि क्यों भारत अपनी बहन–बेटियों की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है।

## अखिलेश, प्रियंका, माया...,उन्नाव गैंगरेप को लेकर निशाने पर आए योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

उन्नाव/नई दिल्ली। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में शुक्रवार रात दम तोड़ने वाली उन्नाव रेप पीड़िता के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद शनिवार सुबह उन्नाव स्थित घर के लिए रवाना कर दिया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि पीड़िता की मौत अत्यअधिक जलने की वजह से हुई। बता दें कि गैंगरेप पीड़िता को जेल से जमानत पर छूटे आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर जला दिया था। इससे वह 90 प्रतिशत तक झुलस गई थीं।

पीड़िता की मौत से उनका पूरा परिवार सदमे में है। खासकर आखिरी समय में इलाज के दौरान साथ रहे भाई का बुरा हाल है। बहन के अंतिम शब्दों और दर्द



को याद कर वह भावुक हो जाते हैं। उनके दिल पर बहन को न बचा पाने का दर्द है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह बहन के गुनहगारों को सजा दिलवाकर रहेंगे। शनिवार सुबह उन्होंने कहा, मैं अपनी बहन को नहीं बचा पाया। मैं सरकार और पुलिस से मांग करता हूं कि जब मेरी बहन इस दुनिया मे नहीं रही तो आरोपी को भी मौत मिलनी चाहिए।

### न गंगा में बहाएंगे, न ही आग के हवाले करेंगे

अपनी बहन के अंतिम संस्कार का जिक्र करते हुए भाई ने कहा, अपनी बहन के शव को न गंगा में बहाएंगे न ही आग के हवाले करेंगे, उसे धरती मैया की गोद में देंगे। गौरतलब है कि उन्नाव के बिहार थाना इलाके में रेप पीड़िता (20) को गुरुवार तड़के पांच लोगों ने जिंदा जला दिया था। घटना में शामिल सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अखिलेश ने विधानसभा गेट के बाहर दिया धरनाः** शनिवार दोपहर विधानसभा के गेट नंबर 2 पर अखिलेश यादव एसपी के दूसरे नेताओं के साथ बैठकर धरना दिया। अखिलेश ने उन्नाव रेप केस में सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा, इसी विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा था कि अपराधियों को ठोक दिया जाएगा। यह भाषा थी लेकिन एक बेटी की जान नहीं बचा सके।

**गवर्नर से मिलीं मायावती, योगी पर साधा निशाना**

उन्नाव गैंगरेप मामले पर बीएसपी प्रमुख मायावती ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुलाकात की। मुलाकात से पहले मायावती ने भी योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी की सरकार में अब महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

### योगी सरकार में बेखौफ घूम रहे अपराधी

प्रियंका गांधी ने कहा कि यूपी में अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। पीड़िता के परिवार को पूरे एक साल से प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोपियों ने लड़की के पिता को घर में घुसकर बुरी तरह पीटा। प्रियंका ने आरोप लगाया कि आरोपी का परिवार बीजेपी से जुड़ा हुआ है शायद इसलिए उन्हें बचाया जा रहा है। एक तरफ प्रियंका उन्नाव में थीं तो दूसरी ओर यूपी कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता यूपी विधानसभा के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प भी हुई और पुलिस ने उन पर जमकर डंडे भी बरसाए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीड़िता के परिवार को 25 लाख का मुआवजा और घर देगी सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव रेप केस की पीड़िता को जिंदा जला दिया गया था। इलाज के दौरान शनिवार को पीड़िता की मौत हो गई। अब उत्तर प्रदेश सरकार ने पीड़िता के परिवार को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पीड़िता के परिवार को घर देने की भी घोषणा की गई है। मुआवजे के ऐलान के अलावा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में किए जाने की बात भी कही गई है। बता दें कि रेप पीड़िता के साथ मारपीट के बाद उसे जिंदा जला दिया गया था। हालत बिगड़ने के बाद पीड़िता को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान पीड़िता ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया था।

# एनकाउंटरः सुको में याचिका

## जया बच्चन और स्वाति मालिवाल पर भी ऐक्शन की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। हैदराबाद में वेटरिनरी डॉक्टर से रेप–हत्या के चारों आरोपियों को शुक्रवार को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। एक ओर जहां पुलिस की इस कार्रवाई पर वाहवाही की जा रही है, वहीं सवाल भी उठ रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में पुलिस के खिलाफ जांच की मांग करते हुए याचिकाएं दाखिल की गई हैं। शुक्रवार तड़के पुलिस चारों आरोपियों को लेकर क्राइम सीन रीक्रिएट करने गई थी। पुलिस का दावा है कि उस दौरान भागने की कोशिश में चारों गोली के शिकार हो गए।

ऐडवोकेट जीएस मणि और प्रदीप कुमार यादव ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कोर्ट में कहा है कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट के साल 2014 में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया है। याचिका में कहा गया है कि एनकाउंटर में शामिल पुलिकर्मियों के खिलाफ एफआईआर की जानी चाहिए और जांच करके कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मामले में कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा।

**समर्थन करने वालों के खिलाफ भी याचिकाः** इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट में एक और जनहित याचिका दाखिल की गई है। वकील मनोहर लाल शर्मा ने अपनी याचिका में उनको भी पार्टी बनाया है जिन लोगों ने एक्स्ट्रा जूडिशल किलिंग का समर्थन किया था। इनमें समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद जया बच्चन और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल के नाम शामिल हैं। उन्होंने मीडिया पर भी गैग ऑर्डर की मांग की है।

### 9 दिसंबर तक सुरक्षित रहेंगे आरोपियों के शव

तेलंगाना हाई कोर्ट ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार को निर्देश दिया था कि वह चारों आरोपियों के शव 9 दिसंबर को रात 9 बजे तक सुरक्षित रखे। हैदराबाद के निकट शुक्रवार की सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में चारों आरोपी मार गिराए गए थे। इन चारों को 25 वर्षीय महिला से दुष्कर्म और हत्या के आरोप में 29 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि शुक्रवार तड़के हुए इस मुठभेड़ को लेकर लोग दो धड़ों में बंटे नजर आ रहे हैं। एक वर्ग इसका समर्थन कर रहा है तो तमाम लोगों ने यह भी कहा है कि इस तरह से गैर–न्यायिक हत्याएं ठीक नहीं है। यही नहीं कांग्रेस, बीजेपी समेत कई राजनीतिक दलों के दि

### मानवाधिकार आयोग की टीम जांच के लिए पहुंची

शनिवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने हैदराबाद पहुंचकर जांच की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनएचआरसी की टीम ने महबूबनगर के सरकारी अस्पताल का भी दौरा किया, जहां चारों आरोपियों के शव पोस्टमॉर्टम के बाद रखे गए हैं। एनएचआरसी ने कथित मुठभेड़ में चार आरोपियों के मारे जाने पर संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को जांच के आदेश दिए थे।

# झारखंड की 20 सीटों पर 60 प्रतिशत वोटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रांची। पुलिस फायरिंग और वोटरों के हिंसक झड़प के बीच झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 18 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। 2 सीटें जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी में शाम पांच बजे तक मतदान हो रहा है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक तीन बजे तक 60 फीसद मतदान दर्ज हुआ है। गुमला के सिसई विधानसभा सीट पर सर्वाधिक 68.6 फीसद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पुलिस फायरिंग और हंगामा वाले सिसई विधानसभा के बूथ नंबर 36 पर मतदान के दौरान आक्रोशित वोटरों ने पोलिंग बूथ पर जमकर पथराव किया। इस दौरान गोलीबारी में एक युवक जिलानी अंसारी की मौत हो गई। पथराव में कई पुलिसवाले भी घायल हुए हैं। चुनाव आयोग ने बूथ नंबर 36 का मतदान रद कर दिया है। यहां अब पुनर्मतदान कराया जाएगा।

### सिसई में सर्वाधिक 69 प्रतिशत मतदान

इधर जिन 20 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ उनमें बहरागोड़ा में 68.38 प्रतिशत वोटरों ने मतदान किया है। इससे पहले एक बजे तक 45 फीसद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। सिसई में हिंसा के बीच एक बजे तक सर्वाधिक 55 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।

# बदले की भावना से न्याय नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हैदराबाद में एक महिला पशु चिकित्सक की गैंगरेप के बाद हत्या के मामले में अहम मोड़ तब आ गया जब पुलिस द्वारा उन चारों आरोपियों का एनकाउंटर कर दिया गया। एनकाउंटर के बाद एक खेमा पुलिस के इस कारनामे पर वाहवाही कर रहा है जबकि दूसरा खेमा इस कृत्य पर सवाल उठा रहा है। इस मामले में अब भारत के मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे ने टिप्पणी की है।

### बदले की भावना से न्याय अपना चरित्र खो देता हैः सीजेआई

उन्होंने कहा कि यदि यह बदले के इरादे से किया गया है तो न्याय कतई न्याय नहीं हो सकता है। यदि बदले की भावना से यह किया जाए तो न्याय अपना चरित्र खो देता है। इससे पहले ऐडवोकेट जीएस मणि और प्रदीप कुमार यादव ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in